तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

6 जनगणना का प्रशिक्षण ले चुके प्रगणकों का निगम आयुक्त ने किया परीक्षण



## खबर संक्षेप

### उद्योग मंत्री नवीन औद्योगिक क्षेत्र का आज करेंगे भूमिपूजन



**कोरबा।** जिले के औद्योगिक परिदृश्य को विस्तार देते हुए तहसील दर्री के ग्राम गोपालपुर में 10.900 हेक्टेयर भूमि पर नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जा रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा आयोजित इस परियोजना के अधोसंरचना विकास कार्यों का बतौर मुख्य अतिथि श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के द्वारा भूमिपूजन 18 अप्रैल को दोपहर 4 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत उपस्थित रहेंगी। साथ ही अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलेपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड राजीव अग्रवाल, विधायक प्रेमचंद पटेल, फूल सिंह राठिया एवं तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन कुमार सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थिति रहेंगे।

### ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के लिए टास्क फोर्स गठित

**कोरबा।** ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के संचालन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अभियान के तहत प्राचीन पाण्डुलिपियों की पहचान और उनके दस्तावेजीकरण के लिए अनुभाग स्तर पर टास्क फोर्स एवं समितियों का गठन किया गया है। अपर कलेक्टर कटघोरा द्वारा जारी आदेशानुसार, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में गठित इस समिति में सम्बंधित तहसीलदार सचिव सदस्य एवं सम्बंधित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जनपद एवं नगरीय निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही स्थानीय जानकारों, समाजसेवियों पत्रकारों, सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों को भी सदस्य बनाया गया है। यह समिति अनुविभाग स्तरीय बैठक व गतिविधियां, पांडुलिपि का चिन्हांकन व सर्वेक्षण हेतु सर्वेक्षकों के प्रशिक्षण सुनिश्चित करेगी एवं पाण्डुलिपियों के चिन्हांकन की निगरानी करेगी।

### प्रपोजल एवं सेंक्शन आर्डर लाक करने की अंतिम तिथि 21 तक

**कोरबा।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं डाईट आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं संस्थान में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, तथा संस्थाओं के प्राचार्यों/संस्था प्रमुखों, छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 छात्रवृत्ति हेतु संस्थाओं द्वारा प्रपोजल लाक कर सहाय आयुक्त आदिवासी विकास को प्रेषित करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल और शासकीय संस्था/जिला कार्यालय द्वारा सेन्शन आर्डर लाक करने की तिथि 21 अप्रैल तक निर्धारित की गई है।

### विद्याधर शर्मा की पुण्यतिथि पर चिकित्सा शिविर 19 को

**कोरबा।** मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संस्थापक सदस्य एवं शिव औषधालय के संस्थापक स्व. पंडित विद्याधर शर्मा की पुण्यतिथि पर मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति, शिव औषधालय, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, नीमा एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क दंत रोग, अस्थि खनिज, घनत्व जांच तथा आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में 19 अप्रैल को आयोजित किया गया है।

# बैठक में साहब के दिए गए निर्देश पर नहीं हो रहा अमल

## मानस नगर कोहड़िया अंधे मोड़ में झाड़ियों की नहीं हो रही कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नेशनल हाईवे और शहर के मुख्यमार्गों में हादसों के लिए चिन्हांकित ब्लैक स्पाट और मोड़ में झाड़ियों की कटाई के निर्देश सड़क सुरक्षा समिति के बैठक में अधिकारियों को दिए गए थे। उक्त निर्देश का भी अधिकारी किस तरह का पालन कर रहे हैं यह मानस नगर और कोहड़िया मार्ग में स्थित नहर अंधे मोड़ की झाड़ियों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है जो हादसों का प्रमुख कारण बन रही है।

सीएसईबी चौकी से ध्यानचंद चौक तक टू लेन सड़क का निर्माण किया गया है। उक्त सड़क में मानस नगर और कोहड़िया वार्ड के बीच बंद पावर हाउस के सामने और नहर पुल के ठीक पहले अंधा मोड़ स्थित है। इस मोड़ के एक ओर बड़ी बड़ी झाड़ियां हैं जिससे दर्री क्षेत्र से आने वाले वाहन नजर नहीं आते और रफ्तार भरते हुए वाहनों में भिड़ंत हो जाती है। अक्सर ऐसी घटनाएं रात में होती है दिन में ऐसी घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। उक्त झाड़ियों के काटने के संबंध में भी कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा पिछले दिनों सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे के हादसे वाले स्थल को चिन्हांकित करने के साथ मुख्य मार्गों में मौजूद मोड़ के दोनों ओर बड़ी बड़ी झाड़ियों के कटाई के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के बाद भी मानसनगर कोहड़िया मार्ग में स्थित अंधे मोड़ की झाड़ियों की कटाई नहीं हो सकी है। जबकि यह स्थल जिला मुख्यालय से महज दो किमी दूर है। दर्री क्षेत्र से कलेक्टर आने वाले अधिकांश नागरिक इसी मार्ग से मानस नगर होते हुए सीधे आईटीआई चौक निकलते हैं। इस दृष्टि से एक तरह से यह चौक का रुप ले चुका है और सर्वाधिक वाहनों के आवागमन से दबाव बने रहने के कारण हादसों का खतरा बना रहता है।

**खास बात**

- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए थे निर्देश



### और भी हैं ऐसे अंधे मोड़

इस तरह के अंधे मोड़ उपनगरीय क्षेत्रों में भी हैं जिनसे अक्सर वाहनों की भिड़ंत हो जाती है। इन मोड़ को भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में ऐसे स्थानों में जहां हादसों की संभावना ज्यादा रहती है वहां स्पीड ब्रेकर बनाने कहा गया है। कई स्थानों में स्पीड ब्रेकर बने हैं लेकिन वह दूर से वाहन चालकों को पहचान नहीं आते और वाहन चालक ऐसे स्पीड ब्रेकर से हादसों के शिकार हो रहे हैं।

## 335 सिलेंडर की राशि हो चुकी है जमा

# एक साल से बंद पड़ा है लेमरु का गैस वितरण केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण वितरक योजना अंतर्गत लेमरु में शुरु किए गए गैस एजेंसी वितरण केंद्र बीते एक साल से बंद पड़ा है। जबकि 335 सिलेंडर की राशि कंपनी में जमा करा दी गई है लेकिन कुछ तकनीकी खामियों की वजह से सिलेंडर की सप्लाई नहीं होने के कारण स्थानीय उपभोक्ताओं को ईंधन की सुविधा नहीं मिल रही है।

**खास बात**

- तकनीकी खामियों की वजह से नहीं मिली स्वीकृति

राज्य शासन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस वितरक एजेंसी शुरु करने के लिए सहकारी समितियों को अधिकृत किया गया था। इसके तहत जामबहार और लेमरु क्षेत्र में उपभोक्ताओं के लिए गैस सिलेंडर रिफलिंग के लिए अधिकृत किया गया था। इसमें जामबहार की एजेंसी शुरु हो चुकी है किंतु लेमरु क्षेत्र की एजेंसी को शुरु होने में अभी भी लंबा समय लग रहा है। बताया जाता है कि समितियों के जीएसटी नंबर नहीं होने के कारण गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद पड़ी हुई है। जिससे लेमरु क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 25 से 30 गांव के निवासियों को जिनके द्वारा उज्जवला योजना अंतर्गत कनेक्शन लिए गए हैं उनको गैस रिफलिंग की सुविधा नहीं मिल पा रही है जबकि सहकारी समितियों के द्वारा एजेंसी से संबंधित सारी प्रक्रियाएं पूरी कर दी गई है। किंतु उपभोक्ताओं को इसकी सुविधा नहीं मिल पा रही है। सहकारी समिति ने कंपनी के शर्तों के मुताबिक 335 सिलेंडर की एक मुश्त राशि एक वर्ष पूर्व ही जमा करा दी गई है। किंतु उसे सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हो सकी है। जबकि लेमरु क्षेत्र में सरकारी आवास के साथ आश्रम छात्रावास शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल एवं अन्य शासकीय कार्यालय संचालित होने लगे हैं जहां शासकीय कर्मी निवास करते हैं उन्हें अपने घर से या जिला मुख्यालय में संचालित गैस एंजेसियों से सिलेंडर की रिफलिंग करानी पड़ रही है।



बंद पड़ा लेमरु गैस वितरण केंद्र।

### बना है गोदाम और दफ्तर

गैस एजेंसी संचालित करने हेतु राज्य शासन के द्वारा जारी किए गए मद से गोदाम एवं एजेंसी का दफ्तर भी तैयार किया गया है जो अब वीरान नजर आ रहा है। हालांकि समिति के कर्मचारी गोदाम और एजेंसी के दफ्तर में साफ सफाई कर रहे हैं लेकिन सिलेंडर की आपूर्ति नहीं होने के कारण जिस तरह की चहल पहल होनी चाहिए वैसा नजर नहीं आता। जबकि धीरे धीरे गैस उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने लगी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इसके लिए पहल करना मुनासिब नहीं समझा।

### स्कूलों में लकड़ी के ईंधन से खाना

जिले के शहरी व ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में लकड़ी के ईंधन के जगह गैस से खाना बनाने की सुविधा पिछले वर्ष शुरु की गई थी और इसका भुगतान डीएमएफ से किया जाना था। विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से मिले प्रतिवेदन के आधार पर शिक्षा विभाग द्वारा संबंधित गैस एजेंसी के खाते में सिलेंडर रिफलिंग का पैसा भेज दिया जाता है। सवाल यह उठता है कि जब लेमरु क्षेत्र की गैस एजेंसी शुरु नहीं हो सकी है और वहां के स्कूलों में लकड़ी के ईंधन से खाना बन रहा है तो इन क्षेत्रों के नाम से जारी होने वाली राशि कहां जा रही है।

# अनुषंगी कंपनियां लक्ष्य से पिछड़ी कोलइंडिया को मिला नेगेटिव ग्रोथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वित्तीय वर्ष 2025- 26 में कोल इंडिया लिमिटेड को न केवल उत्पादन लक्ष्य से पिछड़ना पड़ा है बल्कि कंपनी 2024- 25 के उत्पादन के आंकड़े से भी पीछे रह गई है। 2025- 26 में सीआईएल ने 768.11 मिलियन टन उत्पादन दर्ज किया है। कोल इंडिया लिमिटेड के समक्ष वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 875 मिलियन टन का लक्ष्य था। इसके मुकबाले 768.11 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया जा सका। यानी लक्ष्य से 106.89 मिलियन टन कम। कंपनी का उत्पादन 2024- 25 के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सका। 2024-25 में सीआईएल ने 781.06 मिलियन टन उत्पादन दर्ज किया था। कोल इंडिया की अनुषांगिक कंपनियों में केवल एनसीएल ने ही सालाना उत्पादन लक्ष्य को पार किया है। अन्य कंपनियां उत्पादन टारगेट से पीछे रहीं। इसमें बीसीसीएल, सीसीएल, एमसीएल, डब्ल्यूसीएल तो 2024- 25 के उत्पादन आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकी है। कंपनीवार लक्ष्य और उत्पादन पर गौर करें तो एसईसीएल लक्ष्य 212.0 उत्पादन 176.29, बीसीसीएल 46.0 लक्ष्य 35.49 उत्पादन, सीसीएल 110.0 लक्ष्य 82.2 उत्पादन, ईसीएल 59.0 लक्ष्य 52.08 उत्पादन, एमसीएल 239.0 लक्ष्य 218.31 उत्पादन, एनसीएल 140.0 लक्ष्य 140.5 उत्पादन, डब्ल्यूसीएल 69.0 लक्ष्य 63.03 उत्पादन, सीआईएल 875.0 लक्ष्य 768.11 मिलियन टन उत्पादन किया गया।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में दो लोगों को मिला आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर आजीवन सश्रम कारावास जो आरोपी के शेष प्रकृति जीवनकाल के लिए कारावास से अभिप्रेत है एवं अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

**खास बात**

- एफटीएससी (पॉक्सो) के विशेष न्यायालय में चल रही थी सुनवाई

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी हिमांशु, प्रजापति ने घटना दिनांक को पीडिता को कॉल करके मिलने के लिए बुलाया और उसे अपने दोस्त आरोपी रिन्दू दास के घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 376, 294, 323, 506, 34 भादवि एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 04, 06 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया गया था जहां मामले की सुनवाई एफटीएससी (पाक्सो) श्रीमती श्रद्धा शुक्ला शर्मा के विशेष न्यायालय में चल रही थी जहां आरोपी आरोपी हिमांशु प्रजापति पिता रामायण प्रजापति उम्र 24 वर्ष निवासी महामाया रोड पाली एवं रिन्दू दास बैरागी पिता सुमन बैरागी उम्र 27 वर्ष निवासी टावर मोहल्ला पाली के विरूद्ध मामला प्रमाणित पाये जाने पर आरोपियों के विरूद्ध दोषसिद्ध होने पर आजीवन सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो) कटघोरा शोधन राम देवांगन ने पैरवी की है।

### दो आरोपियों को मिली सजा

गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ दोषी सिद्ध होने पर न्यायालय ने 2-2 साल सश्रम कारावास व 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक टीकम साव ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बस्ती निवासी गोविंद सूर्यवंशी और मानसिंह सारथी नामक युवक द्वारा गांजे की तस्करी की सूचना पर वर्ष 2022 में सिविल लाइन पुलिस ने छापेमारी की कार्यवाही की थी जहां गोविंद सूर्यवंशी और मानसिंह सारथी के कब्जे से एक किलो 400 ग्राम गांजे की खेप जब्त किया था और दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया था। जहां दोनों आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर दोनों आरोपियों को दो-दो वर्ष सश्रम कारावास व 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। बताया जाता कि मानसिंह सारथी पूर्व में भी एनडीपीएस के मामले में सजा हो चुकी है। मामले में लोक अभियोजन की ओर से टीकम साव ने मामले की पैरवी की है।

### रबी दलहन-तिलहन उपार्जन के लिए पंजीयन 20 तक

**कोरबा।** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत अधिसूचित रबी के फसलों दलहन-तिलहन की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जा रही है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में अब तक कुल 315 पंजीयन किया जा चुका है। जो कृषक अभी तक पंजीयन नहीं कराये हैं उनसे अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि 20 अप्रैल से पूर्व अपनी संबंधित सहकारी समिति में जाकर एकीकृत किसान पोर्टल एवं ई-समुयुक्ति पोर्टल/मोबाइल एप्प के माध्यम से अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं ताकि वे अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर सकें। उपार्जन की अवधि अरहर एवं सरसों के लिए 15 फरवरी से 15 मई तक तथा चना एवं मसूर के लिए 1 मार्च से 30 मई तक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जटगा एवं कोरबी (पोंड़ी उपरोड़ा) में किया जाएगा। उपार्जन हेतु फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल अरहर 8 हजार, चना 5875, मसूर-7 हजार एवं सरसों 62सौ रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित है।

# अपराधियों पर शिकंजा कसने तीन महीने के भीतर 60 नए गुंडों की पुलिस ने खोली फाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपराधियों पर नकेल कसने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार निगरानी और गुंडा बदमाशों की फाइल खोली जा रही है। पिछले 3 महीनों में ही जिला पुलिस ने 60 से अधिक गुंडा बदमाशों की नई फाइल खोल दी गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा सजग कोरबा सतर्क कोरबा के तहत निरंतर अभियान चलाया जा रहा है और गुंडा बदमाशों का प्रतिवेदन थाना व चौकियों से आने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों का पालन करते हुए उनका पक्ष रखने का मौका दिया जा रहा है जिसके बाद ही गुंडा बदमाशों की फाईल खोली जा रही है।

जिला पुलिस के सभी थाना चौकी प्रभारी को पुलिस अधीक्षक ने फरमान जारी किया है कि जो अपराधी निरंतर अपराध में शामिल है और घटना को अंजाम दे रहे हैं उनका गुंडा बदमाश फाइल खोलने का निर्देश जारी किया है। कप्तान के निर्देश के बाद सभी थाना और चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में चिन्हांकित गुंडा बदमाशों की नई गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाशों की फाइल खोलने के लिए प्रतिवेदन बनाकर लगातार पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है और पुलिस अधीक्षक स्वयं इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए गुंडा बदमाशों को तलब किया जा रहा है और उनको पक्ष रखने का मौका दिया जा रहा है। साथ ही जो पुराने गुंडा बदमाश हैं जो अब अपराध का रास्ता छोड़ चुके हैं उन्हें समझाइश दी जा रही है और राजपत्रित अधिकारी को उनके मामले को सौंपा जा रहा है ताकि उन्हें माफ भी किया जा सके। बताया जाता है कि पिछले तीन महीने के भीतर जिला पुलिस ने 60 से अधिक गुंडा बदमाशों की फाईल ओपन की है।

### जिले में 118 निगरानी तो 131 गुंडा पहले से

औद्योगिक नगरी होने की वजह से दीगर जिलों से लोगों का आना जाना लगा रहा था जिसमें से कई लोग अपराध में शामिल रहते हैं जहां पुलिस द्वारा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए नया गुंडा बदमाशों की फाइल खोली जा रही है। वहीं जिले में पहले से ही 118 निगरानी तो 131 गुंडा बदमाश हैं। पुलिस निरंतर शिकंजा कसते रहते हैं। जब कभी तीज त्यौहार सामने आते हैं सभी गुंडा बदमाशों की परेड लगाई जाती है और यदि कोई भी इस दौरान खलल मचाने की कोशिश करता है तो उसे जेल भेजा जाता है।

## उद्योग मंत्री ने महिला थाना का किया लोकार्पण

# महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने महत्वपूर्ण पहल : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने शुक्रवार को सिविल लाइन थाना परिसर में जिले का प्रथम महिला थाना का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि यह थाना जिले का पहला महिला थाना होगा, जो न केवल महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम में सहायक होगा, बल्कि उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान भी सुनिश्चित करेगा। मंत्री श्री देवांगन ने थाना का शुभारंभ करने के बाद निरीक्षक भावना खांडेकर को थाना प्रभारी का विधिवत पदभार ग्रहण कराया। इस थाने में थाना प्रभारी सहित बलों की पदस्थापना की गई है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि यह महिला थाना महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। इस महिला थाना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एक सुरक्षित स्थान मिल सके। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने विभिन्न परीक्षाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले इस परिवार के बच्चों को सम्मानित किया। थाना परिसर में एक वाटर कूलर की स्थापना की भी घोषणा की। साथ ही गर्मी में लगने वाले आमतौर पर आग से बचाव के उपाय हेतु पाम्पलेट का भी विमोचन किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत के अध्यक्ष पवन सिंह, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति स्वर्णकार, पार्षद अशोक चावलानी एवं चंद्रलोक सिंह, योगेश जैन उपस्थित रहे।



महिला थाना का उद्घाटन करते श्रम व उद्योग मंत्री व अन्य।

# चोरी के सामानों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक युवक ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि निर्माणाधीन मकान से 5 व 6 अप्रैल के मध्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा समर्सिबल पंप, हेक्सर ड्रिल, कटर मशीन एवं अन्य मशीनरी सामान चोरी कर लिया गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। पतासाजी के दौरान पुलिस ने पुरानी बस्ती दादर निवासी दीपक कुमार यादव उम्र 27 साल पिता मुन्ना यादव एवं गोरलाल पटेल उम्र 46 साल पिता घनु लाल पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिन्होंने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से समर्सिबल पंप, हेक्सर ड्रिल मशीन, कटर मशीन, अन्य मशीनरी उपकरण जब्त किया है। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।




LCIT PUBLIC SCHOOL
Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, (C.G.)
www.lcitps.edu.in lcitpublicschool LCIT PUBLIC SCHOOL
LCIT
Success is the result of consistent effort and determination .
Congratulations to our brilliant Class X achievers for setting a benchmark of excellence .
LCIT Blooming Buds
ADMISSIONS OPEN
Play Group to IV
NO ADMISSION FEE
Vaishali Nagar, Phase-II, Srikant Verma Marg, Bilaspur (C.G.)495001
lcitps.edu.in lcitbloomingbuds@gmail.com lcit_blooomingbuds_bilaspur
9516167123 , 9516161123
1st RAM YUVRAJ PANDEY 99.4 %
AKRITI AGRAWAL 98.2%
AARADHYA DUBEY 97.2%
AARADHYA AGRAWAL 97.2%
SCHOOL TOPPERS GRADE X
LCIT PUBLIC SCHOOL
ADMISSIONS OPEN
Nursery to XII
NO ADMISSION FEE
Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, (C.G.)
9589000465, 9516606123
ASHISH NAMAN 96.8%
KAVYANSHA SONGARG 96.4%
PANNA SINGH 96%
ABHASH KOTNALA 95.6%
ATHARVA ASHISH PALSULE 95.6%
SHRIYANK CHOUBEY 94.4%
SARISKA BANJARE 94.2%
SAKSHI YADAV 94%
ARINDAM PANDEY 93.8%
SNEHA PATLE 93.2%
DHWAJ SHARMA 92.8%
MANAS KUMAR MENGHANI 92%
DIVESH VERMA 91.8%
MEGHASHRI BHARDWAJ 91.8%
DIYA AGRAWAL 91.8%
DARSHITA KAUSHIK 91.8%
KHANAK PAMNANI 91.6%
MASOOMA BANJARE 91.4%
SHASHVAT SHARMA 91.2%
SOUMYA AGRAWAL 91.2%
MOHAMMAD JUNAID 91.2%
SANSKAR SHAW 90.8%
RADHIKA SONI 90.6%
REET CHAUDHARY 90.2%
NISHTHA SAHU 89.8%
JATIN KALWANI 89.8%
AADYA AGRAWAL 89.6%
AASTHA JATWAR 89.4%
SAKSHI KAUSHIK 88.8%
SAKSHI MEHARCHANDANI 88.4%
DRISHTI HARANGAONKER 88.4%
AASTHA PHOTANI 88.4%
STUTI JAISWAL 88.2%
SAKSHI ISRANI 88.2%
MANYA GWALANI 87.8%
SANSKAR PANDEY 87.4%
BHAWESH PRADHAN 87.4%
CHERY THACKER 87.2%
PRINCE SACHDEV 87.2%
NIHARIKA SONTEKE 86.8%
AASHUTOSH KAUSHIK 86.6%
SIDDHI SONI 86.6%
MANYA SINGH 86.4%
FAREEZA KHAN 86.2%
SHREYA SAHU 86%
SOMNATH PANIGRAHI 85.8%
NAVYA SHARMA 85.8%
SARTHAK SHARMA 85.6%
MITALI NAGESHWAR 85.6%
DIMPY ROHRA 85.6%
RASHI SAHU 85.4%
TRIPTI MANWANI 85.2%
LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING I MBA I COMMERCE I SCIENCE I ARTS I LAW I PHARMACY

## खबर संक्षेप

### एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज को लेकर रेल मोर्चा ने जीएम को भेजा पत्र

**बाराद्वार।** बाराद्वार रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर रेल मोर्चा के पदाधिकारियों ने जीएम एवं डीआरएम को मांग पत्र भेजा है। मांग के माध्यम से रेल यात्रियों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया है। बिलासपुर रेल जोन को बड़ा राजस्व देने वाले बाराद्वार रेलवे स्टेशन की लगातार उपेक्षा की जा रही है। रेल मोर्चा ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं रेलवे के अधिकारियों पर उदासीनता का आरोप लगाया है। बाराद्वार को लंबे समय से प्रतीक्षा के बावजूद गोंडवाना, साउथ-बिहार, शालीमार और संबलपुर एक्सप्रेस का ठहराव नहीं दिया गया है, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को परेशानी हो रही है। रेल मोर्चा ने इस मुद्दे पर रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड, महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर को पत्र भेजकर बाराद्वार में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। रेल मोर्चा अध्यक्ष शिव शर्मा ने पत्र में कहा कि अधिकारियों से कई बार मुलाकात और लंबे संघर्ष के बावजूद केवल आश्वासन ही मिला है। बॉम्बे-हावड़ा रेल मार्ग पर स्थित बाराद्वार स्टेशन से सक्ती, जैजैपुर और बम्हनीडीह ब्लॉक के लगभग 90 गांवों के सैकड़ों यात्री रोजाना आवागमन करते हैं। 5 किमी के दायरे में महत्वपूर्ण दफ्तर बाराद्वार के पांच किलोमीटर के दायरे में कलेक्टोरेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला पंचायत और कई निजी कार्यालय स्थित हैं। अधिकारी-कर्मचारी अक्सर रायपुर समेत अन्य महानगरों की यात्रा करते हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली रोजी-रोटी के लिए जाते हैं। रेल मोर्चा अध्यक्ष अधिवक्ता शिव शर्मा ने क्षेत्रीय सांसद कमलेश जांगड़े को भी मांग पत्र सौंपा है।

### परिवहन आरक्षक परीक्षा : 23 केन्द्रों में 6664 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा 19 अप्रैल परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जिले के 23 परीक्षा केन्द्रों में कुल 6664 अभ्यर्थी शामिल होंगे। ज्ञात हो कि परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश -परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। मुख्य द्वार दोपहर 10.30 बजे बंद कर दिया जावेगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जमुनी, मैरून, बैगनीरंग व गहरे चाकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्श, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। 23 केन्द्रों में आयोजित परिवहन आरक्षक परीक्षा में जिले के 6444 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई, 14 वाहन की बनाई जब्ती

**जांजगीर-चांपा।** अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए 14 वाहनों को जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई राजस्व पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई है।
ज्ञात हो कि शुक्रवार 17 अप्रैल को कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि तहसील नवागढ़ अंतर्गत अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर 3 ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना नवागढ़ के सुपुर्द किया गया। ग्राम कनस्दा में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते 1 ट्रैक्टर को जब्त कर संबंधित थाना के सुपुर्द किया गया है। चांपा, पीथमपुर, हथनेवरा तथा जांजगीर मुख्य मार्ग पर जांच के दौरान कुल 10 हाईवा वाहनों को खनिजों के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जब्त किया गया। सभी वाहनों को पुलिस लाइन खोखरा एवं चांपा थाना में रखा गया है। जप्त वाहनों में 3 हाईवा में खनिज चूना पत्थर तथा 7 हाईवा में रेत के अवैध परिवहन के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। दर्ज प्रकरणों पर खान एवं खनिज अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के अधीन अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### तीन दिनों से मेंटेनेंस के नाम पर हो रही बिजली कटौती

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के बाजार चौक में स्थित विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में विद्युत विभाग के द्वारा लगातार तीन दिनों से मानसून मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती की जा रही है। इससे विद्युत उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि विद्युत संभाग चांपा के उप संभाग सारागांव के अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में अधिकारी और कर्मचारी के मनमानी के कारण विद्युत उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि इस वर्ष वैशाख माह में ही तापमान 42 डिग्री को पार कर गया है। इसके बावजूद लगातार तीन दिनों से विद्युत विभाग के द्वारा मानसून मेंटेनेंस के नाम पर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगातार कटौती की जा रही है।

ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम

# जिले में 55 नई सड़कों सहित विकास कार्यों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


विकास कार्यों का लोकार्पण करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं विधायक प्रेमचंद पटेल व अन्य।

मुख्यमंत्री ने जशपुर स्थित रणजीता स्टेडियम में प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज-4) के तहत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने 2225 करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाली 774 सड़कों का शिलान्यास कर प्रदेश को एक बड़ी सौगात दी। कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण के माध्यम से सभी जिलों के जनप्रतिनिधि एवं आमजन जुड़े।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले को 55 नई सड़कों की सौगात मिली है, जिससे क्षेत्र के विकास की दिशा और दशा दोनों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और व्यापार, कृषि, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। विशेष रूप से पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में सर्वाधिक सड़क कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास की पहुंच सुनिश्चित होगी और अंतिम छोर तक सुविधाओं का विस्तार होगा। इस अवसर पर श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि जिले में 55 सड़के, 67 नवीन बसाहटों को जोड़ने वाले कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी कुल लंबाई 162.81 किलोमीटर है तथा इन पर 15449 करोड़ से अधिक की लागत व्यय की जाएगी। उन्होंने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आगे बढ़ाते हुए देश के अंतिम छोर तक विकास पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

# एनटीपीसी की पहल से जनजातीय खेलों में प्रदेश का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फुटबाल खेलतीं महिला खिलाड़ी।

भारत में जमीनी स्तर के खेलों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, छत्तीसगढ़ की फुटबॉल टीमों ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महिला टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा, जबकि पुरुष टीम ने रजत पदक हासिल कर राज्य के जनजातीय फुटबॉल प्रतिभाओं को नई पहचान दिलाई।

छत्तीसगढ़ की महिला फुटबॉल टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार समन्वय, दृढ़ता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब जीता। यह जीत केवल खेल उपलब्धि नहीं बल्कि दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों की बेटियों के सशक्तिकरण का प्रतीक है। वहीं पुरुष टीम ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। फाइनल मुकाबले में पश्चिम बंगाल के खिलाफ 0–1 से मामूली अंतर से हारकर टीम ने रजत पदक अपने नाम किया। उनका प्रदर्शन उनके जज़्बे और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को दर्शाता है। इस सफलता के पीछे एनटीपीसी लिमिटेड, कोरबा की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पहल का महत्वपूर्ण योगदान है। एनटीपीसी कोरबा द्वारा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन और प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान कर जनजातीय एवं ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जा रहा है। यह पहल केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी है। इससे युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के अवसर विकसित हो रहे हैं। ट्राइबल गेम्स में मिली यह सफलता दर्शाती है कि जमीनी स्तर पर किए गए सुनियोजित प्रयास किस प्रकार बड़े परिणाम ला सकते हैं। यह मॉडल 'खेलो इंडिया' जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ मिलकर देशभर में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकता है। एनटीपीसी कोरबा भविष्य में भी खेलों के माध्यम से समुदायों के सशक्तिकरण और प्रतिभाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने रचा कीर्तिमान



**बिलासपुर।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने इस वर्ष आयोजित सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त शानदार परिणाम से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष, उत्साह और गर्व का वातावरण व्याप्त है। इस वर्ष कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में छात्र मयंक राघव ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इसी क्रम में छात्रा खुशी ठाकुर ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि नाविस्ता मरियम बुखारी ने 84.8 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त जोगेंद्र सिंह होरा ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि, यह उपलब्धि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन, समर्पण तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यार्थियों ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्रता बनाए रखते हुए यह सफलता हासिल की है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। विद्यालय के चेयरपर्सन अंजली अग्रवाल मैडम ने अपने संदेश में कहा कि, हमारे विद्यार्थियों ने जिस प्रकार से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वह विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सशक्त शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण है। डायरेक्टर आशीष अग्रवाल सर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, यह सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच का परिणाम है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला सर ने कहा कि, विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। हम आगे भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी आशा व्यक्त की कि, आने वाले वर्षों में भी विद्यालय के विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे।

# डीजल संकट से निगम की गाड़ियां थमीं, व्यवस्था पर बढ़ा दबाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध का असर अब कोरबा शहर की सड़कों और व्यवस्था पर साफ नजर आने लगा है। अंतरराष्ट्रीय हालात के कारण ईंधन आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसका सीधा असर नगर निगम कोरबा के कामकाज पर पड़ रहा है।

नगर निगम के डीजल सप्लाई करने वाली फर्म के पास पर्याप्त स्टॉक नहीं बचा है। परिणाम यह हुआ कि निगम की डीजल से चलने वाली कई गाड़ियां एक-एक कर खड़ी होती जा रही हैं। इनमें कचरा उठाने वाले वाहन, पानी टैंकर और अन्य जरूरी सेवाओं में लगे वाहन शामिल हैं। डीजल की कमी ने निगम की दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शहर में सफाई व्यवस्था धीमी पड़ने लगी है, कुछ इलाकों में कचरा उठाव प्रभावित होने की शिकायतें आने लगी हैं, वहीं पानी सप्लाई पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। अंदरूनी सूत्रों की मानें तो यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो निगम को आपात व्यवस्था के तहत वैकल्पिक इंतजाम करने पड़ सकते हैं। हालांकि फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती यही है कि डीजल की नियमित आपूर्ति कब तक बहाल होगी।मिडिल ईस्ट के हालात का स्थानीय सिस्टम पर यह असर इस बात का संकेत है कि वैश्विक संकट किस तरह सीधे आम जनजीवन को प्रभावित कर सकता है। अब नजर इस पर है कि प्रशासन इस संकट से निपटने के लिए क्या ठोस कदम उठाता है ताकि शहर की बुनियादी सेवाएं पटरी पर बनी रहें।

### कोयलांचल में पेट्रोलियम संकट, लगी लाइन

अमेरिका, इजराइल और ईरान के मध्य चल रहे युद्ध का असर अब जिले में देखने को मिल रहा है। शहर के कई पेट्रोल पम्प में जहां डीजल पेट्रोल की किल्लत देखने को मिल रही थी। वहीं अब कुसमुंडा क्षेत्र में भी पेट्रोल डीजल के लिए पंप में वाहनों की भीड़ देखने को मिल रही है। इमलीछापर स्थित मुस्कान पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल समाप्त है। संचालक कहना है कि टैंकर नहीं मिल पाने से पंप बंद कर दिया गया है, शुक्रवार को कुछ घंटों में टैंकर आने की उम्मीद है। इधर दूसरे पेट्रोल पंप शिवम पेट्रोल पंप में लोगों की भीड़ बढ़ रही है। यहां भी डीजल पेट्रोल सीमित मात्रा में है। ऐसे में आवश्यतानुसार ही सभी को पूर्ति हो जाए इस तरह से वाहनों में डीजल पेट्रोल दिया जा रहा है। बांकीमोगरा क्षेत्र में भी पेट्रोल पंपों में डीजल पेट्रोल की किल्लत हो रही है। आने वाले दिनों में अगर इस समस्या से निदान नहीं मिलता तो इसका बड़ा प्रभाव देखने को मिलेगा क्योंकि खदान में चलने वाले भारी भरकम वाहनों से लेकर आम इंसान की सभी जरूरतें प्रभावित होंगी। वाहनों में डीजल पेट्रोल नहीं मिलने से निश्चित रूप से पहिए थम जायेंगे, जिससे आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो जाएगा।

# लो-लाइन एरिया के नाम पर डेम के समीप राखड़ विस्थापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम के झाबू स्थित राखड़ डेम के समीप राखड़ विस्थापन को लेकर नया मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि लो-लाइन एरिया के नाम पर डैम से लगे महज 30–40 मीटर के दायरे में ही डैम से ऊंचाई तक राखड़ पट दिया गया, जो नियमों के विपरीत बताया जा रहा है।

**खास बात**

- स्थानीय ग्रामीणों ने राखड़ विस्थापन को लेकर जताई नाराजगी



ग्राम झाबू के स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कार्य बिना किसी बड़े स्तर की मिलीभगत के संभव नहीं है। उनका कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में राखड़ भराव कार्य अधिकारियों की जानकारी और सहमति के बिना नहीं किया जा सकता, जिससे विभागीय भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। इस पूरे मामले में शंकर इंजीनियरिंग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि राखड़ सप्लाई और प्रबंधन के नाम पर बड़े स्तर पर अनियमितता की गई है, जिससे न केवल पर्यावरणीय खतरा बढ़ा बल्कि शासन को भी नुकसान पहुंचा। हैरानी की बात यह भी है कि इतने गंभीर मामले के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण विभाग अब तक मौन बना हुआ है। स्थानीय संगठनों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। लोगों ने मांग की है कि झाबू डैम में किए गए राखड़ भराव कार्य की उच्चस्तरीय जांच हो, शंकर इंजीनियरिंग को दिए गए सभी ठेकों की समीक्षा की जाए, संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच कर जवाबदेही तय की जाए और 18 करोड़ रुपये के जुर्माने की वसूली सीधे दोषी अधिकारी व ठेकेदार से की जाए।

# महतारी वंदन केवाईसी के बहाने वसूली, कई च्वाइस सेंटर निशाने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


च्वाईस सेंटर में लगी हितग्राहियों की भीड़।

सरकार ने अपनी योजना महतारी वंदन के तहत महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए की सहायता देना जारी रखा है। व्यवहारिक कारणों से सभी हितग्राहियों को कहा गया है कि अपना ई-केवाईसी जरूर कराएं। इस काम को च्वाइस सेंटर से निशुल्क करने की व्यवस्था है। आईसीडीएस के डीपीओ बसंत मिंज ने बताया कि अब तक मिली शिकायतों पर तीन च्वाइस सेंटर पर कार्यवाही की गई है। जहां से भी ऐसी शिकायत आएगी वहां भी नकेल कसेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत महतारी वंदन की योजना चुनाव के बाद क्रियान्वित किया। जबकि चुनाव के दौरान इसे घोषित किया गया था। तब से लगातार पात्र हितग्राहियों को हर महीने एक हजार रुपए की सहायता दी जा रही है। विभिन्न स्तर से आ रही शिकायतों के आधार पर अब ऐसे सभी मामलों में ई-केवाईसी का विकल्प अनिवार्य किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ ही च्वाइस सेंटर में इस काम को निःशुल्क संपन्न कराना है। इस बारे में प्रशासन के जनसंपर्क विभाग की ओर से पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है। किसी भी स्थिति में हितग्राहियों से रुपए नहीं लेना है। खबर है कि अनेक केंद्र के संचालक लोगों से 50 से 100 रुपए की वसूली अवैध रूप से कर रहे हैं और एक प्रकार से सरकारी व्यवस्था को चुनौती देने का काम भी कर रहे हैं। डीपीओ ने कहा कि इस तरह की मनमानी बर्दाश्त नहीं होगी। जिले में ऐसे तीन च्वाइस सेंटर को सील किया गया है। हितग्राहियों अथवा अन्य स्तर से आने वाली शिकायत पर आगे भी कार्यवाही होगी। इसके अधिकार चिप्स को दिए गए हैं।

# छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने किया प्रसाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रामसागर पारा क्षेत्र में केसरवानी परिवार द्वारा आयोजित नव दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। इस धार्मिक आयोजन में कथा वाचक पंडित श्रीकांत दुबे द्वारा भक्तों को कथा का रसपान कराया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। इस कड़ी में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ द्वारा श्रद्धालुओं के बीच हलवा प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं पार्षद ईश्वर पटेल, युगल केवट सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत साईं सेवा महिला समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ जैसे धार्मिक आयोजनों से मोहल्ले का वातावरण सकारात्मक और आध्यात्मिक बनता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रत्येक मोहल्ले में होने चाहिए, जिससे समाज में सद्भाव और संस्कारों का प्रसार हो। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें भी कथा श्रवण का अवसर प्राप्त हुआ, यह उनके लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू, जिला सचिव जय कुमार नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, राय सिंह, अनिल गिरी, राजकुमार पटेल, तपेश्वर राठौर एवं रामायण सिंह सहित गौ सेवा समिति व अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शिल्पी बनी नगर निगम विधिक सलाहकार

**कोरबा।** नगर निगम की मेयर इन काउंसिल के प्रस्ताव में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में सभी न्यायालयों में एवं जिला एवं सत्र न्यायालय में नगर निगम के प्रकरणों की समुचित पैरवी करने तथा निगम के विधिक सलाह प्रकरणों पर विधिक सलाह देने हेतु आपको अंशकालीन विधिक सलाहकार नियुक्त किया जाता है। यह आदेश पूर्णतः अस्थाई प्रकृति का है तथा किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकती है। यह आदेश जारी दिनांक से प्रभावशील होगी।

### एडवांस्ड डायग्नोस्टिक सेंटर में आज, न्यूरो-साइकेट्रिक व त्वचा रोग विशेषज्ञ देंगे सेवाएं

**कोरबा।** शहर के निहारिका क्षेत्र स्थित एडवांस्ड डायग्नोस्टिक सेंटर में 18 अप्रैल को एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें अहमदाबाद की प्रख्यात न्यूरो-साइकेट्रिक विशेषज्ञ डॉ. रजनी वर्मा एवं त्वचा रोग विशेषज्ञ एवं कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉ. जय बावने अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में मानसिक एवं तंत्रिका संबंधी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को विशेष लाभ मिलेगा। डॉ. रजनी वर्मा ने बताया कि चिंता, डर, घबराहट, नशे की लत, डिप्रेशन, मिर्गी, तनाव, अनिद्रा तथा बच्चों में व्यवहार संबंधी विकार जैसे मामलों का विशेषज्ञ परामर्श इस कैंप में निशुल्क दिया जाएगा। वहीं त्वचा एवं कॉस्मेटिक समस्याओं के लिए भी यह शिविर उपयोगी रहेगा। डॉ. जय बावने द्वारा रेडियोफ्रिक्वेंसी/इलेक्ट्रोकॉटरी, केमिकल पीलिंग, फोटोथेरेपी, माइक्रोडर्माब्रेशन, लेजर द्वारा अनचाहे बाल हटाना, प्री-ब्राइडल स्किन ट्रीटमेंट झाइयों का उपचार, चेहरे के काले दाग-धब्बे, टैटू हटाना, सफेद दाग तथा आंखों के आसपास कालापन जैसी समस्याओं पर विस्तृत जानकारी एवं परामर्श दिया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### सोनल ने कक्षा दसवीं में 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर बढ़ाया मान



**कोरबा।** सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है जिसमें अंचल से सोनल साहू पिता नीलकंठ साहू ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर परिवार, समाज, विधालय व अंचल का मान बढ़ाया है। सोनल साहू वर्तमान में डीपीएस बालको की छात्रा है। उनके पिताजी नीलकंठ साहू बालको कंपनी में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में प्रोसेस टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। नीलकंठ साहू ने बताया कि सोनल साहू बचपन से ही मेधावी रही है व पढ़ाई लिखाई के प्रति उनका समर्पण देखते ही बनता है। उनकी माताजी सुनीता रानी साहू व दादा दादी समय लाल साहू कमला साहू ने अपनी बिटिया की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर खूब प्रसन्नता जाहिर की है।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा दीपका मण्डल के अध्यक्ष दुष्यंत, राजेंद्र बने महामंत्री

**गेवरा दीपका।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के अनुमोदन तथा ओ.बी.सी मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय राठौर की अनुशंसा से दीपका मंडल अध्यक्ष राजू प्रजापति एवं ओ.बी.सी मोर्चा मंडल अध्यक्ष दुष्यंत प्रजापति की सहमति से ओ.बी.सी मोर्चा दीपका मंडल मैं नई कार्यसमिति की घोषणा की गई। जिसमें पिछड़ा वर्ग मोर्चा को सशक्त बनाते हुए भारतीय जनता पार्टी ने कर्मठ कार्यकर्ताओं सूची जारी की जिसमें उपाध्यक्ष आनंद चौकसे, संतोष राजवाड़े, नरेन्द्र कुमार यादव, लक्ष्मी नारायण कैवर्त एवं महामंत्री राजेन्द्र साहू नरेन्द्र पटेल, कोषाध्यक्ष सोनू जायसवाल, वही मंत्री लक्ष्मण दास, हेमचंद्र सोनी रामकुमार यादव, गुरूदयाल कैवर्त मीडिया प्रभारी, सौरभ यादव, सह मीडिया प्रभारी राजकुमार यादव एवं कार्यकारिणी सदस्य अभिलाष साहू राजू विश्वकर्मा, मुकेश राठौर, कांति पटेल, दिलीप प्रजापति, मोहित यादव, सूरज रजक मुकेश श्रीवास, प्रशांत पटेल बनाए गए। जिससे पार्टी की विचारधारा और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचने का निर्देश दिया गया।

### कंवर और बिंझवार समाज को मिली सौगात, विधायक ने किया भूमिपूजन

**कोरबा।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक फूल सिंह राठिया के मुख्य आतिथ्य में पंचगण कंवर समाज के लिए 20 लाख रुपए की लागत से शेड निर्माण तथा बिंझवार समाज के सामुदायिक भवन में 15 लाख रुपए की लागत से अहाता निर्माण कार्य का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के दौरान विधायक फूल सिंह राठिया ने कहा कि क्षेत्र के सभी समाजों के विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लिए बनाए जा रहे ये भवन और शेड न केवल सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सहायक होंगे बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी साबित होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के हर वर्ग तक विकास की रोशनी पहुंचाना है और इसी दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर पंचगण कंवर समाज के केंद्रीय अध्यक्ष भुवन सिंह कंवर, जम्मू सिंह कंवर, फूलसाय पैकरा, प्रताप सिंह कंवर, लखन सिंह कंवर, जगन्नाथ सिंह कंवर, खम्हन सिंह कंवर, गिरवर सिंह कंवर, राम सिंह कंवर, सोम प्रकाश कंवर, बाबूलाल कंवर, सहदेव कंवर, दिलेश कंवर, साखन सिंह कंवर, गणेश राम पैकरा, हीरा सिंह कंवर, लखन कंवर, कमल सिंह कंवर, डॉ. श्याम लाल कंवर, सूरज सिंह आदि उपस्थित थे।

### दुकान से एसी के कापर वायर की चोरी

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत कई दुकानों के एसी में लगे कापर वायर की चोरों ने चोरी कर ली है। शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। कोसाबाड़ी स्थित राधिका ज्वेलर्स के संचालक शेखर सोनी ने बताया कि सिविल लाइन थाने से कुछ ही दूरी पर मुख्य चौक के परिसर में लगभग आधा दर्जन दुकानों में चोरी हुई है। चोर एक-एक कर दुकानों में लगे एसी के कॉपर वायर चुरा रहा है जिससे दुकानदार परेशान हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# पीएचसी में पानी नहीं होने से मरीजों को भर्ती करना हो गया मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

अलग खबर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार में पानी की विकराल समस्या बन गई है। स्वास्थ्य कर्मचारी अब स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की बढ़ती संख्या और पानी की विकराल समस्या के बीच अस्पताल चलाना मुश्किल हो गया है।

ज्ञात हो कि एसईसीएल दीपका खदान हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मात्र 30 मीटर की दूरी पर है और यहां की बोर पूरी तरह से बंद हो गया है और पानी की समस्या से मरीज परेशान हो रहा है क्योंकि पानी पीने के साथ-साथ शौच करने के लिए पानी की कमी के चलते बाहर जाना हो रहा है। शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार में पानी नहीं रहने के चलते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ मरीजो को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत लगभग सैकड़ो गांव जुड़ा हुआ है लेकिन पानी की विकराल समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग में मरीज रखना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ युद्धेश सांडे ने अपने जिला चिकित्सा अधिकारी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी सहित तहसीलदार को भी पानी की विकराल समस्या को देखते हुए ज्ञापन दे चुका है। जहां कभी-कभी टैंकर का आना होता है लेकिन ऊपर सिंटेक्स में पानी चढ़ाने के लिए परेशानी हो जाती है। स्वास्थ्य केंद्र की परेशानियों को देखते हुए विभागों के साथ-साथ उच्च अधिकारियों जनप्रतिनिधियों को भी ध्यान में रखने को है जो की पानी की समस्याओं से मरीज सहित स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों को भी निजात मिल सके।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार में पानी की समस्या**

**खास बातें**

- बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के बीच मरीज हो रहे पानी को मोहताज
- खदान विस्तार की वजह से स्वास्थ्य केंद्र का बोर हुआ बंद



## आयुक्त ने अपने मोबाईल में सेन्सेस पोर्टल पर भरा अपना स्व-गणना पत्रक

# जनगणना का प्रशिक्षण ले चुके प्रगणकों का निगम आयुक्त ने किया परीक्षण



प्रगणकों से जानकारी लेते निगम आयुक्त एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी कोरबा नगरीय क्षेत्र आशुतोष पाण्डेय ने डिजिटल जनगणना-2027 के जनगणना कार्य में संलग्न व प्रशिक्षण पूरा कर चुके प्रगणकों की शुक्रवार को उनके प्रशिक्षण ज्ञान व कार्य पारंगता की परख की तथा यह देखा की वे वास्तव में जनगणना कार्य हेतु पूरी तरह से प्रशिक्षित हो चुके हैं या नहीं, सुखद पहलू रहा कि सभी प्रगणक इस परीक्षा में खरे उतरे। आयुक्त श्री पाण्डेय ने यह व्यवहारिक परीक्षण अपने मोबाईल में सेन्सेस पोर्टल पर अपना स्व-गणना पत्रक भरकर किया तथा स्टेप-बाई-स्टेप प्रगणकों को बुलाकर उनके प्रशिक्षण ज्ञान की परख की।

**खास बात**

- एनसीडीसी स्कूल में किया गया सघन प्रशिक्षण

उल्लेखनीय है कि डिजिटल जनगणना-2027 के जनगणना कार्य के परिप्रेक्ष्य में कोरबा जिला नगरीय क्षेत्र के प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों को एन.सी.डी.सी. स्कूल में कार्य का सघन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने प्रशिक्षण केन्द्र में पहुंचकर प्रशिक्षण कार्य का सघन निरीक्षण किया, उन्होने कक्ष क्र. 01, 02, 03, 04 में चल रहे प्रशिक्षण कार्य को देखा तथा वहाँ पर स्थापित कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने जनगणना कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रगणकों की कार्य के प्रति पारंगता व प्रशिक्षण में प्राप्त उनके ज्ञान की व्यवहारिक परख की तथा यह देखा कि वे वास्तव में जनगणना कार्य हेतु पूर्ण रूप से पारंगत हो चुके हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अपने मोबाईल में सेन्सेस पोर्टल पर जाकर अपना स्व-गणना पत्रक भरा तथा स्व-गणना पत्रक भरने के दौरान स्टेप-बाई-स्टेप वहाँ उपस्थित प्रगणकों से संपर्क कर उनके प्रशिक्षण ज्ञान का परीक्षण किया, इस दौरान यह सुखद पहलू रहा कि जिन प्रगणकों ने प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया है, उन्हें जनगणना से संबंधित समस्त आवश्यक जानकारी प्राप्त हो चुकी है तथा वे अपने कार्य में पारंगत हो चुके हैं।

**पूर्ण तत्परता के साथ निभायें दायित्व**

इस मौके पर आयुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी कोरबा नगरीय क्षेत्र आशुतोष पाण्डेय ने प्रगणकों का मार्गदर्शन करते हुये कहा कि प्रगणक पूरी निष्ठा व तत्परता के साथ कार्य संपादित करते हुये त्रुटिरहित जनगणना का कार्य पूरा करें। उन्होने प्रगणकों से कहा कि कार्य के दौरान वे अपने रिपोर्टिंग आफिसर के संपर्क में रहे तथा जहाँ कहीं भी जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन की जरूरत पड़ती है, वे तत्काल मार्गदर्शन प्राप्त करें ताकि राष्ट्रीय महत्व के इस महत्वपूर्ण कार्य को बिना किसी त्रुटि के पूरा किया जा सके।

**जनगणना के लिए 24 तक चलेगा प्रशिक्षण**

कोरबा। नगर निगम के जनगणना सहायक नोडल अधिकारी पवन वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कोरबा नगरीय क्षेत्र के प्रगणकों व सुपरवाईजरों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 से 13 अप्रैल तक संचालित किया गया, वहीं द्वितीय चरण में 15 से 17 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया गया, इसी प्रकार तृतीय चरण में 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक तथा चतुर्थ चरण में 22 से 24 अप्रैल तक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

## आंबा कार्यकर्ताओं को साड़ी वितरण में गड़बड़ी, महिला कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष फुलोदेवी नेताम के निर्देश पर जिला अध्यक्ष द्वय कुसुम द्विवेदी एवं प्रभा तंवर के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को साड़ी वितरण में गड़बड़ी के विरोध में महिला कांग्रेस प्रदर्शन किया। ओपन थियेटर घंटाघर चौक के पास स्थापित डॉ.भीम राव राम अंबेडकर प्रतिमा के सामने महिला कांग्रेस की जिला शहर और ग्रामीण के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिन्होंने छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बांटी गई साड़ियों में कथित गड़बड़ी और खराब गुणवत्ता को लेकर महिला कांग्रेस ने राज्य की विभागीय मंत्री के खिलाफ उग्र विरोध प्रदर्शन करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झुमाझटकी की स्थिति भी बनी।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी ने कहा कि महिला विकास विभाग के द्वारा साड़ियों की खरीदी में 9 करोड़ रूपये के घोटाले और कमीशनखोरी हुई है साथ ही आधा मीटर छोटी और खराब साड़ियाँ बांटने पर आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है। सौ से 2 सौ रूपये की साड़ियां को 5 सौ रूपये के दर से खरीदी की गई है। साड़ी साढ़े 5 मीटर का बोलकर 5 मीटर वाली साड़ी बांटी गई, जो पहनने में छोटी है वहीं गुणवत्ताविहिन की साड़ी होने के कारण रंग छोड़ने लगी है। ग्रामीण अध्यक्ष प्रभा तंवर ने दोषी अधिकारियों और विभागीय मंत्री के खिलाफ कार्यवाही करने और आंगनबांड़ी कार्यकर्ताओं को अच्छी गुणवत्ता वाली साड़ियां प्रदान करने की मांग की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा साड़ी वितरण में भारी अनिमियतताएं हुई है और गुणवत्ता में भी कमी देखा गया है। जो प्रदेश भर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों का अपमान है। विभाग एवं विभागीय मंत्री को प्रदेश भर की महिलाओं से माफी मांगते हुए गुणवत्तायुक्त साड़ियां देने का कार्य करना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत शर्मा ने कहा कि महिलाओं से बड़े -बड़े वादे कर सत्ता में आई सरकार अब उन्हें ठगने का काम कर रही है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1 हजार रूपये देने का वादा था लेकिन आज भी हजारों महिलाओं को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं दो साल से केवाईसी कराने सेंटरों में घंटों लाईन में लगने पड़ रहे हैं।

# बांकीमोंगरा नपा अध्यक्ष ने बांटे राशन कार्ड 24 परिवारों के चेहरे पर लौटी मुस्कान




राशन कार्ड वितरित करतीं नपा अध्यक्ष व हितग्राही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने की कड़ी में बांकीमोंगरा नगर पालिका द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने बुधवार को नगर पालिका कार्यालय परिसर में 24 पात्र हितग्राहियों को नए राशन कार्ड वितरित किए। काफी समय से राशन कार्ड की प्रतीक्षा कर रहे इन परिवारों के लिए यह दिन बड़ी राहत लेकर आया। श्रीमती झा ने खुद अपने हाथों से हितग्राहियों को कार्ड सौंपे। राशन कार्ड मिलते ही हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने इस त्वरित कार्यवाही के लिए अध्यक्ष व प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। राशन कार्ड केवल एक दस्तावेज़ नहीं है बल्कि यह गरीब परिवारों के लिए खाद्य सुरक्षा की गारंटी है। हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी पात्र व्यक्ति को राशन कार्ड या अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना न पड़े। वही राशनकार्ड धारकों ने बताया कि नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा कार्यालय में राशन कार्ड के लिए किसी प्रकार की कोई शुल्क नहीं लिया गया, राशन कार्ड की फार्म जमा करते ही लगभग 1 से 2 माह में राशन कार्ड प्राप्त हों गया। राशन कार्ड मिलने से बच्चों का पढ़ाई सहित राशन व अन्य जरुरी कार्य के लिए काम आयेंगे। इस दौरान 24 हितग्राहियों सहित पार्षद प्रमोद सोना व पालिका के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## लबेद में नवीन आदिवासी सेवा सहकारी समिति का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

जिले के आदिवासी सेवा सहकारी समिति चिकनीपाली से अलग होकर लबेद में नवीन आदिवासी सेवा सहकारी समिति का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीओ, एसएडीओ अजय प्रकाश कंवर, आरईओ संजू पाटले, कामता प्रसाद साहू लबेद सरपंच सम्मेलाल सिदार सहित आसपास के मंडी प्रभारी, प्रबंधक और किसान शामिल हुए। समिति के शुभारंभ का उद्देश्य क्षेत्र के आदिवासी किसानों को संगठित कर उन्हें कृषि संबंधी सुविधाएं, बीज, खाद और उचित मूल्य पर फसल विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराना है। अतिथियों ने कहा कि इस समिति के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। कार्यक्रम के दौरान किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा उन्हें समिति से जुड़कर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित किसानों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## महिलाओं ने हस्ताक्षर कर दिखाई एकजुटता, मानव श्रृंखला से दिया सशक्त संदेश

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत, 33 प्रतिशत आरक्षण से मिलेगा सशक्त मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत टी.पी नगर स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किए जाने के प्रावधान का उत्साहपूर्वक स्वागत किया तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि महिलाओं के लिए यह दिन अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिया गया यह निर्णय ऐतिहासिक है, जिससे देश की महिलाएं सशक्त होकर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगी। 33 प्रतिशत आरक्षण का यह प्रावधान महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को और अधिक सुदृढ़ करेगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं से समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और जागरूकता में वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि आज देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का आसीन होना महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार भी महिलाओं के सम्मान एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। 'महतारी वंदन योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं और अपने परिवार के आर्थिक सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न महिला हितग्राहियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से प्राप्त लाभों के अपने अनुभव साझा किए। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, स्व सहायता समूह, स्वच्छता दीदी जैसी योजनाएं प्रमुख रहीं। महिलाओं ने बताया कि इन योजनाओं से उन्हें न केवल आर्थिक संबल मिला है, बल्कि वे सम्मान और आत्मविश्वास के साथ अपना जीवनयापन कर रही हैं।



कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव

अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता

07 मई, 11 मई, 25 मई, 06 जून, 15 जून 2026

राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411